# नॉन-कॉलेजिएट महिला शिक्षा बोर्ड

**(दिल्ली विश्वविद्यालय)**

एवं

# राष्ट्रीय महिला आयोग

**के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित**

## 5वाँ राष्ट्रीय पोषण माह (सितम्बर 2022)

**के अंतर्गत आयोजित**

**पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता,**

**पोषण शिक्षण हेतु दृश्य-श्रव्य प्रतियोगिता,**

**सांस्कृतिक एवं पारंपरिक पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता**

**दिनांक - 26 सितम्बर 2022**

**समय - प्रातः 11 बजे**

**स्थान - कॉन्फ्रेंस सेंटर,**
**दिल्ली विश्वविद्यालय**

Azadi Ka Amrit Mahotsav

**नॉन-कॉलेजिएट महिला शिक्षा बोर्ड**
**टुटोरिअल बिल्डिंग, द्वितीय तल,**
**गुरु तेग बहादुर रोड,**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, 110007**

**ईमेल - officeadmin@ncweb.du.ac.in**
**वेबसाइट - ncweb.du.ac.in**

## नॉन-कॉलेजिएट महिला शिक्षा बोर्ड (एनसीडब्ल्यूईबी )

नॉन-कॉलेजिएट महिला शिक्षा बोर्ड (एनसीडब्ल्यूईबी ) की स्थापना आजादी से पूर्व सन 1944 में हुई । शिक्षा के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की दिशा में पिछले 78 वर्षों से महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यह संस्था उन बालिकाओं को शिक्षित करने का कार्य कर रही है जो आर्थिक, सामाजिक व पारिवारिक कारणों से स्नातक व परास्नातक स्तर की शिक्षा के लिए नियमित कक्षाओं में उपस्थित नहीं हो सकती हैं। वर्तमान समय में यहाँ 32000 से अधिक छात्राएँ अध्ययनरत हैं । वर्तमान समय में एनसीडब्ल्यूईबी के 26 स्नातक व एक परास्नातक केंद्र संचालित हो रहे है । एनसीडब्ल्यूईबी छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित दिल्ली विश्वविद्यालय की संघटक शाखा है ।

## राष्ट्रीय महिला आयोग

एक वैधानिक निकाय के रूप में राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थापना जनवरी 1992 में राष्ट्रीय महिला आयोग एक्ट, 1992 के तहत की गई। आयोग का उद्देश्य, महिलाओं को प्रभावित करने सभी नीतिगत मामलों यथा महिलाओं के लिए संवैधानिक और कानूनी सुरक्षा उपाय; उपचारात्मक विधायी उपायों की सिफारिश करना; शिकायतों के निवारण की सुविधा और सरकार को आवश्यक सलाह देना आदि है । लैंगिक समानता के लिए जागरूकता सेमिनार, कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ प्रचार अभियान, महिलाओं के खिलाफ हिंसा आदि रोकने हेतु तथा समाज में इन सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरुकता पैदा करने हेतु आयोग विभिन्न कार्यशालाओं/परामर्शों का आयोजन तथा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर विशेष समितियाँ गठित करता रहा है।

## सही पोषण के माध्यम से समग्र विकास

सतत विकास लक्ष्य (एस.डी .जी .) 2 एवं 3 में निहित सतत विकास को प्राप्त करने के लिए बच्चों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और किशोरियों के लिए पोषण संबंधी परिणामों में सुधार हेतु भारत सरकार ने 08 मार्च 2018 को पोषण अभियान (राष्ट्रीय पोषण मिशन) की शुरूआत की । पोषण के संदेश को हर घर तक पहुँचा ने के उद्देश्य से समावेशी भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए इसे एक जन आंदोलन का रूप दिया गया । पांचवें राष्ट्रीय पोषण माह के उत्सव को ध्यान में रखते हुए (सितंबर 2022) 'पोषण अभियान' के तहत, राष्ट्रीय महिला आयोग का उद्देश्य जागरूकता पैदा करना , पोषण की स्थिति को बढ़ावा देने और इस संबंध में जनता की रचनात्मकता का सर्जन करने हेतु विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

POSHAN Abhiyaan

# संरक्षक



**प्रो . योगेश सिंह**
**कुलपति ,**
**दिल्ली विश्वविद्यालय**



**श्रीमती रेखा शर्मा**
**अध्यक्ष,**
**राष्ट्रीय महिला आयोग**

## एनसीडब्लूईबी



**प्रो . बलराम पाणी**
**चेयरपर्सन,**
**एनसीडब्लूईबी**



**प्रो . गीता भट्ट**
**निदेशक,**
**एनसीडब्लूईबी**



**डॉ.सुरेन्द्र कुमार**
**उप-निदेशक,**
**एनसीडब्लूईबी**

## कार्यकारी आयोजक

डॉ.सोनाली चित्तलकर, मिरांडा हाउस
डॉ.मनोज कुमार कैन, पीजीडीएवी महाविद्यालय
डॉ.कल्पना शर्मा, लॉ फ़ैक्ल्टी
डॉ. मालारानी, भारती कॉलेज
डॉ. अमूल्य शाहू, एसपीएम कॉलेज
डॉ. प्रेमपाल किरोड़ीमल कॉलेज

## आयोजक समिति

डॉ.सत्येन्द्र शुक्ल, मिरांडा हाउस
राहुल मिश्रा, मोतीलाल नेहरु कॉलेज
अपर्णा चौहान,पीजीडीएवी कॉलेज
अभिनव, पीजीडीएवी कॉलेज
अनुराग सिंह, एसपीएम कॉलेज
नविता, पीजीडीएवी कॉलेज

## छात्र समन्वयक समिति

रिंसी शुक्ला - मोतीलाल नेहरू कॉलेज
अदिति शर्मा - श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज
युक्ता पांडे - केशव महाविद्यालय
दीया - राजधानी कॉलेज
अंशु - श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज

## 1.पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता

### आवश्यक दिशा-निर्देश

1.यह प्रतियोगिता एनसीडब्ल्यूईबी की छात्राओं के लिए आयोजित की जाएगी।
2. पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पोस्टर निर्माण के लिए A3 या A4 शीट का प्रयोग करना अनिवार्य है।
3. पोस्टर में हिंदी या अंग्रेजी के छोटे एवं पठनीय स्लोगन का प्रयोग किया जा सकता है।
4. प्रतिभागी किसी भी प्रकार की हस्तकला तकनीक का प्रयोग कर सकते हैं।
5. पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता महिलाओं एवं बच्चों के सही पोषण के माध्यम से समग्र विकास पर केंद्रित होगी।
6. इस प्रतियोगिता में एनसीडब्ल्यूईबी के प्रत्येक शिक्षण केन्द्र से प्रतियोगिता हेतु अधिकतम 3 प्रतिभागी भाग ले सकते हैं।
7. पोस्टर निर्माण हेतु कुल 1:30 घंटे का समय निर्धारित है।
8. एक प्रतिभागी केवल एक ही प्रविष्टि दे सकता है।
9. प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि व प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार राशि एवं प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

★ निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य माना जाएगा।

## 2.पोषण शिक्षण हेतु दृश्य-श्रव्य प्रतियोगिता (आप वही हैं जो आप खाते हैं।)

### आवश्यक दिशा-निर्देश

1. यह प्रतियोगिता एनसीडब्ल्यूईबी की छात्राओं के लिए आयोजित की जाएगी ।
2. यह प्रतियोगिता महिलाओं एवं बच्चों की खाद्य जरूरतों , खाद्य सुरक्षा , पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी पर केंद्रित होगी ।
3. यह प्रतियोगिता पी .पी .टी . (प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक) के माध्यम से प्रदर्शित की जाएगी । प्रदर्शित सामग्री का हिंदी या अंग्रेजी के पठनीय फॉन्ट में होना आवश्यक है।
4. इस प्रतियोगिता में एनसीडब्ल्यूईबी के प्रत्येक शिक्षण केन्द्र से प्रतियोगिता हेतु केवल एक ही प्रविष्टि स्वीकृत की जाएगी,जिसमें अधिकतम 3 प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं। यह एक समुह आधारित प्रतियोगिता है। (जिसमें 2 में अथवा 3 छात्राओं का समुह भाग ले सकता है।)
5. इस प्रतियोगिता हेतु पी .पी .टी . दी गई ईमेल आईडी पर 23 सितंबर 2022 तक प्रेषित करना अनिवार्य है। इसके पश्चात कोई भी प्रविष्टि स्वीकृत नहीं की जाएगी ।
6. प्रतियोगिता के समय निर्णायक मंडल के सामने पी .पी .टी को व्याख्यायित करने के लिए अधिकतम 5 मिनट का समय दिया जाएगा ।
7. प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि व प्रमाण पत्र दिए जाएंगे चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार राशि एवं प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

★ निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य माना जाएगा ।

## 3. सांस्कृतिक एवं पारंपरिक पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता

### आवश्यक दिशा-निर्देश

1. यह प्रतियोगिता केवल एनसीडब्ल्यूईबी की छात्राओं, शिक्षकों एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए आयोजित होगी ।
2.इस प्रतियोगिता में एनसीडब्ल्यूईबी के प्रत्येक शिक्षण केन्द्र से अधिकतम 4 प्रतिभागी भाग ले सकते हैं जिनमें 2 छात्रा, एक शिक्षक एवं एक गैरशैक्षणिक कर्मचारी शामिल हो सकते हैं।
3.प्रतिभागियों को एक विशिष्ट शाकाहारी सांस्कृतिक एवं पारंपरिक व्यंजन का चयन करना होगा ।
4.यदि प्रतिभागी ऐसे व्यंजनों का चयन करते हैं जिसका निर्माण प्रतियोगिता स्थल पर संभव नहीं है। ऐसी स्थिति में प्रतिभागी घर से तैयार करके व्यंजन ला सकते हैं।
5. व्यंजन के साथ व्यंजन से संबधित विषयवस्तु की सूचना यथा कच्ची सामग्री की सूची , पोषण तत्त्व एवम् उसके निर्माण का ब्यौरा आदि प्रदर्शित किया जाना आवश्यक है।
6.प्रति प्रतिभागी केवल एक ही व्यंजन मान्य होगा ।
7. प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि व प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार राशि एवं प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

★ निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य माना जाएगा ।

**सभी शिक्षण केन्द्रों से प्रविष्टि 21 सितंबर 2022 तक स्वीकार की जाएगी**

26 सितम्बर 2022 — स्थान - कॉन्फ्रेंस सेंटर , दिल्ली विश्वविद्यालय — प्रातः 11 बजे